## आज का सुविचार

अच्छा बनना और अच्छा होना मैं धरती ज़मीन एवम आकाश का अंतर होता है। लोग अच्छा बनने के लिये न जाने , कितने अच्छे लोगों की ज़िन्दगी से खेल जाते हैं... और... ,जो अच्छे होते है... वो हज़ारों की जिंदगियां बना जाते हैं।


# दैनिक स्पोर्ट्स एज

डिजीटल एडिशन

खेल समाचार पत्र





» वर्ष-03 » अंक-135 भोपाल, मंगलवार 29 अगस्त, 2023 » पृष्ठ-8 » मूल्य-2 रूपये


# अहमदाबाद में विश्व कप का होगा रंगारंग आगाज

## » चार अक्टूबर को उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे सभी कप्तान

**अहमदाबाद। भारत में क्रिकेट विश्व कप का आगाज पांच अक्तूबर को होना है। उससे पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार अक्तूबर को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जा सकता है। इस रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड के सितारे हिस्सा ले सकते हैं। उस दिन सभी 10 टीमों के कप्तान भी वहां मौजूद रहेंगे। अगले दिन टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत विजेता इंग्लैंड और पिछले विश्व कप के फाइनल में हारनी वाली टीम न्यूजीलैंड के बीच होगा।**




तीन अक्तूबर को विश्व कप के अभ्यास मैच समाप्त हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभ्यास मैच समाप्त होने के बाद सभी कप्तान अहमदाबाद में इकट्ठा होंगे। सभी मीडिया से बातचीत करेंगे और फोटो खिंचवाएंगे। इसे कैप्टन्स डे के रूप में जाना जाता है। इसके बाद सभी कप्तान शाम में होने वाले उद्घाटन समारोह शाम में भाग लेंगे। अहमदाबाद में विश्व कप का फाइनल मैच भी 19 नवंबर को खेला जाएगा।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सदस्य, वैश्विक क्रिकेट संचालन संस्था के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह से ठीक एक दिन पहले 10 में से छह कप्तान काफी व्यस्त रहेंगे। भारत का मुकाबला नीदरलैंड से होगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के सामने पाकिस्तान की टीम होगी और श्रीलंका का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। ऐसे में इन छह टीमों के कप्तान मैच के बाद या अगले दिन सुबह-सुबह अहमदाबाद के लिए उड़ान भरनी पड़ेगी। विश्व कप में कुल 58 मैच खेले जाएंगे। इनमें 10 अभ्यास मैच शामिल हैं। विश्व कप के मैच भारत के 10 शहरों में खेले जाएंगे। हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में मुकाबले हैं। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के अलावा हैदराबाद में अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

इस विश्व कप में कुल 10 टीमें भाग लेंगी। श्रीलंका और नीदरलैंड की टीमें क्वालीफायर्स के तहत इस टूर्नामेंट में पहुंची हैं। इन दोनों अलावा मेजबान भारत, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान की टीमें विश्व कप में नजर आएंगी।

### रोहित शर्मा का आखिरी वनडे वर्ल्ड कप? कहा-

# अगले दो महीने में इस टीम के साथ यादें बनाना चाहता हूं

**नई दिल्ली। रोहित शर्मा घरेलू विश्व कप से जुड़े भारी दबाव को समझते हैं लेकिन भारतीय कप्तान खुद को बाहरी बातों से दूर रखना चाहते हैं क्योंकि वह एक दशक में देश के लिए पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने की कठिन यात्रा पर निकल रहे हैं। भारत के 36 वर्षीय कप्तान के कंधों पर एक अरब से अधिक लोगों की उम्मीदों का बोझ है और उन्हें पता है कि पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ शुरू हो रहे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में क्या दांव पर लगा है।**



बेंगलुरू में एशिया कप के शिविर से जुड़ने से पहले रोहित ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं खुद को सहज रखूं और उन बाहरी तत्वों के बारे में चिंता नहीं करूं जो सकारात्मक या नकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं उस चरण में जाना चाहता हूं जिसमें मैं 2019 विश्व कप से पहले था।'' पिछले टूर्नामेंट में अभूतपूर्व पांच शतक के साथ 648 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे रोहित ने कहा, ''मैं मानसिक रूप से काफी अच्छी स्थिति में था और टूर्नामेंट के लिए काफी अच्छी तैयारी की थी।''

उन्होंने कहा, ''मैं अच्छी लय, मानसिकता में था। मैं इसे वापस लाना चाहता हूं और मेरे पास ऐसा करने के लिए समय है। उन सही चीजों को दोहराने की कोशिश कर रहा हूं जो एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में 2019 विश्व कप से पहले मैं कर रहा था।'' विश्व कप का नतीजा काफी चीजें बदल सकता है लेकिन रोहित ने कहा कि एक महीने का क्रिकेट जो खिलाड़ी वह हैं उसे बना या बिगाड़ नहीं सकता।

भारतीय कप्तान ने कहा, ''एक व्यक्ति अपनी सफलता या विफलता से रातों रात बदल नहीं सकता। '' उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि एक नतीजा या एक चैंपियनशिप एक व्यक्ति के रूप में मुझे बदल सकती है। मैं एक व्यक्ति के रूप में पिछले 16 साल में नहीं बदला हूं। मुझे नहीं लगता कि इसमें किसी बदलाव की जरूरत है।''

रोहित ने कहा, ''ध्यान इस पर रहेगा कि अगले दो महीनों मैं अपने और टीम के लिए अपने लक्ष्यों को कैसे हासिल कर सकता हूं। कोई व्यक्ति एक या दो महीने में बदल नहीं सकता।'' रोहित ने इंडियन प्रीमियर लीग टीम मुंबई इंडियन्स के कप्तान के रूप में पांच खिताब जीते हैं जबकि भारतीय कप्तान के रूप में उन्होंने 2018 में एशिया कप खिताब जीता। इस साल जून में उनकी अगुआई में टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी खेली। यह पूछने पर कि क्या 16 साल तक खेलने के बाद वह भारतीय क्रिकेट में अपनी विरासत के बारे में सोचते हैं, रोहित ने कहा, ''नहीं। मैं वह व्यक्ति नहीं हूं जो यह सोचता हो कि मैं अपने पीछे किस तरह की विरासत छोड़ूंगा। मेरी विरासत लोगों के मूल्यांकन और चर्चा के लिए होगी। मेरे कहने के लिए नहीं।''

रोहित ने 30 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, 10 टेस्ट और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से 17000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, ''मैं संख्या में अधिक विश्वास नहीं रखता। आपको खुद रहना चाहिए और आने वाले समय का लुत्फ उठाना चाहिए। इस तरह के लम्हें में रहने का प्रयास करो। मैं इस बारे में सोच रहा कि मुझे किस चीज से खुशी मिलेगी।'' रोहित के सामने अब कोर समूह में शामिल 18 खिलाड़ियों में से कम से कम तीन को यह कहने की मुश्किल चुनौती है कि वे विश्व की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। रोहित जब 23 साल के थे तो उन्हें भी 2011 की विश्व कप चैंपियन टीम में जगह नहीं मिली थी। टीम में नहीं होने की पीड़ा को उनसे बेहतर कोई नहीं जान सकता। उन्होंने कहा, ''सर्वश्रेष्ठ संयोजन चुनते हुए ऐसे खिलाड़ी होंगे जो विभिन्न कारणों से टीम में जगह नहीं बना पाएंगे और राहुल भाई (द्रविड़) और मैंने खिलाड़ियों को समझाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है कि वे टीम का हिस्सा क्यों नहीं हैं।''

# भारतीय पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पांचवें स्थान पर रही



**बुडापेस्ट।** एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम फाइनल में पांचवें स्थान पर रही। भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने रविवार देर रात खेले गए फाइनल में दो मिनट 59 . 92 सेकंड का समय निकाला। अमेरिकी टीम को स्वर्ण, फ्रांस को रजत और ब्रिटेन को कांस्य पदक मिला जबकि जमैका की टीम चौथे स्थान पर रही। इससे पहले भारतीय टीम ने शनिवार को पहली हीट (क्वालीफाईंग रेस) में अमेरिका (2:58.47) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके सभी को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनायी थी। प्रत्येक दो हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली और अगली दो सबसे तेज रहने वाली चौकड़ी ही फाइनल में पहुंचती है।


हॉकी के जादूगर

मेजर ध्यानचंद जी

की स्मृति में उनके जन्मदिवस पर

राष्ट्रीय खेल दिवस

की सभी

खेलप्रेमियों को

हार्दिक-हार्दिक

शुभकामनाएं




दैनिक स्पोर्ट्स एज डिजीटल एडिशन
खेल समाचार पत्र



# दिल्ली खेल समाचार

## 2X2 बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट टीम सिस्टम की जीत के साथ समाप्त हुआ



**स्पोर्टस एज**

क्रॉनिकल्स स्पोर्टिंग इवेंट्स ने, एसएससीबीएस इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज में एक रोमांचक 2×2 बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। दिल्ली भर की टीमों ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे फाइनल मुकाबला कड़ा हो गया।

चैंपियनशिप मैच में टीम आर्यभट्ट कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और टीम सिस्टम शामिल थे। कौशल और टीम वर्क के एक रोमांचक प्रदर्शन के बाद, हिमांशु गहलोत और तुषार द्वारा प्रतिनिधित्व की गई टीम सिस्टम विजयी हुई।

विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के सम्मान में पर्याप्त नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

सहयोग ने खेल और शिक्षा के संलयन पर जोर दिया, जिससे युवा एथलीटों के लिए एक गतिशील मंच तैयार हुआ। कार्यक्रम की सफलता ने खेल के माध्यम से एकता का जश्न मनाया और सभी प्रतिभागियों के समर्पण पर प्रकाश डाला।

### क्रॉनिकल्स स्पोर्टिंग इवेंट के बारे में

क्रॉनिकल्स स्पोर्टिंग इवेंट्स एक अग्रणी स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजमेंट कंपनी है, जो यादगार और आकर्षक खेल अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है।

**SSCBS इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन के बारे में:** CR फाउंडेशन छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने, भविष्य की सफलता के लिए समग्र विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

## नोएडा वंडर्स ने जीता 24वां मानव चोपड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट





**स्पोर्टस एज गाजियाबाद**

नोएडा वंडर्स ने आसानी से मिश्रा स्पोटर्स को 7 विकेट से हराकर 24वां मानव चोपड़ा अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। फाइनल मुकाबले में नोएडा वंडर्स ने टॉस जीतकर मिश्रा स्पोटर्स को पहले खेलने के लिए आमंत्रित किया। मिश्रा स्पोटर्स की पूरी टीम 25.4 ओवर में 109 रनों पर सिमट गई। ऋषभ राना ने 24 व अर्नब धवन ने 17 रनों की पारी खेली। आरूष मलखानी ने 33 रन देकर 6 व मो. अरबाज ने ने 21 रन देकर 2 विकेट लिए।



जीत के लिए 109 रन नोएडा वंडर्स क्लब ने 19 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर खिताबी जीत हासिल की। संस्कार रावत ने नाबाद 43, उज्जैर मलकि ने 29 व विक्रांत विक्रांत खटाना ने 27 रनों की पारी खेली। विशांत भाटी ने 27 रन देकर 1 विकेट लिया। आरूष मल्खानी को शानदार गेंदबाजी के लिए स्पोटर्स सन मैन आफ द मैच चुना गया।

पुरस्कार वितरण मुख्य अथिति श्री श्याम सुन्दर शर्मा डायरेक्टर डीडीसीए, पवन कुमार चेयरमैन स्पोटर्स सन व टीवीएस मणि, नीरज गौतम, मनोज माकड़, रंजन सेठ, महेश भाटी, एस. के. सोनी द्वारा किया गया।

ऋतिक अरोड़ा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी ब्रायन झा को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, धन्नजय सिंह को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, दक्ष चन्देल को इमरजिंग प्लेयर व विशांत भाटी को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया।

### संक्षिप्त स्कोरः

मिश्रा स्पोटर्स क्लब- 10/109 ओवर 25.4, ऋषभ राना 24, अर्नब धवन 17, आरूष मल्खानी 6/33, मो. अरबाज 2/21

नोएडा वंडर्स क्लब- 3/110, ओवर 10, संस्कार रावत नाबाद 43, उज्जैर मलिक 29, विक्रांत खटाना 27, विशांत भाटी 1/14

## मोक्ष अरोरा की घातक गेंदबाजी से बोस्को क्रिकेट अकादमी की हॉट वेदर क्रिकेट कप में शानदार जीत


**स्पोर्ट्स एज।** मैन ऑफ़ द मैच मोक्ष अरोरा की घातक गेंदबाजी 4 विकट 20 रन देकर गतिक शर्मा 2/7 मुस्तफा 2/3 शाबाद गिरसा 48 नॉट आउट के शानदार खेल की बदोलत बोस्को क्रिकेट अकादमी ने एस एस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स घेवरा में खेले जा रहे हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या जैन अकादमी को 8 विकट से हारकर शानदार जीत दर्ज की पराजित टीम की और से मोनिका डागर ने 23 रनो की पारी खेली। विद्या जैन अकादमीः 72 रन आलआउट 27 ओवर मोनिका डागर 23, मोक्ष अरोरा 4/ 20 रन देकर गतिक शर्मा 2/7 मुस्तफा 2/3 बोस्को क्रिकेट अकादमीः 73 रन शाबाद गिरसा 48 नॉट आउट

## मोंटी के शानदार खेल से मानवीश क्रिकेट क्लब की फ्रेंडशिप कप में शानदार जीत

**स्पोर्ट्स एज।** मैन ऑफ़ दा मैच मोंटी के हरफनमौला खेल 44 रन रो 2 विकेट 2 रन देकर दक्ष 60 रन के शानदर खेल की बदोलत मानवीश क्रिकेट क्लब ने सेंट लॉरेंस अकादमी को 7 विकेट से हारकर शानदार जीत दर्ज की पराजित टीम की और से हरदीप सिंह ने शानदार 56 रनो की पारी खेली। सेंट लॉरेंस अकादमीः 155 रन आलआउट 30 ओवर हरदीप सिंह 56, मोंटी 2/2। मानवीश क्रिकेट क्लबः 156 रन 3 विकेट 23 ओवर मोंटी 44, दक्ष 60।

## पारुल ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली। हंगरी में चल रही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में भारत की पारुल चौधरी 11वें स्थान पर रहीं। उन्होंने इसमें 9:15.31 के समय के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसी के साथ पारुल ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड हासिल कर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए [ ालीफाई कर लिया है।**




स्टीपलचेज में ब्रुनेई एथलीट विन्फ्रेड मुटिले यावी ने 8ऽ54.29 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं केन्या की बीट्राइस चेपकोच ने 8ऽ58.98 के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता और केन्या की एक अन्य एथलीट फेथ चेरोटिच ने 9ऽ00.69 का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल करते हुए कांस्य पदक जीता। पारुल चौधरी 200 मीटर के स्प्लिट में स्टीपलचेज में सबसे आगे थीं लेकिन उन्होंने अपनी गति खो दी और 11वें स्थान पर रहीं। हालाँकि, 2900 मीटर स्प्लिट तक, भारतीय एथलीट 13वें स्थान पर थी, आखिरी 100 मीटर स्प्लिट में उन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई। इसी के साथ वह 11वां स्थान प्राप्त कर पाई। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने 400 मीटर रिले रेस के फाइनल में जगह बना ली है, टीम पांचवें स्थान पर रही। मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने दो मिनट 59.05 सेकेंड में अपनी रेस पूरी की। इससे पहले एशिया की किसी टीम ने सबसे कम समय में दो मिनट 59.51 सेकेंड में 400 मीटर रिले रेस पूरी की थी। जापान की टीम ने यह कारनामा किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी। पीएम ने 400 मीटर रिले रेस का वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अविश्वसनीय टीम वर्क! अनस, अमोज, राजेश रमेश और मुहम्मद अजमल ने एम 4ङ्ग400 मीटर रिले में एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

## डी डी त्यागी मेमोरियल टी 20 20 क्रिकेट टूर्नामेंट कल से शुरू

**स्पोर्ट्स एज ।** डी डी त्यागी मेमोरियल टी 20 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली क्रिकेट हब क्रिकेट ग्राउंड रोहणी में 29 अगस्त से 5 सितम्बर तक होने जा रहा है टूर्नामेंट आयोजक सेक्रेटरी श्री संजय त्यागी जी ने बताया इस में पहला इनाम 5 लाख रुपए और दूसरा इनाम ढाई लाख रूपये दिए जायेंगे और भी कई आकर्षक इनाम इस प्रतियोगिता में दिया जायेगा इस में कल उद्घाटन मुकाबला दिल्ली चैलेंजर को खेलना है।

## तीसरा शशि शर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 4 सितम्बर से शुरू होगा

**स्पोर्टस एज।** तीसरा शशि मेमोरियल अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 4 सितम्बर से 13 सितम्बर तक डी ए वी स्कूल रोहणी में खेला जायेगा टूर्नामेंट सेक्रेटरी प्रशांत शर्मा के अनुसार इस टूर्नामेंट में दिल्ली की टॉप 8 टीमों को प्रवेश दिया गया है इस टूर्नामेंट में प्रत्येक मैच में 4 बेस्ट प्लेयर्स को इनाम दिया जायेगा और प्रत्येक मैच 40 40 ओवर के खेले जायेंगे इस में मैन ऑफ़ दा सीरीज और बेस्ट बैट्समैन , बेस्ट बॉलर को क्रेगबज की और से किटबेग दिये जाएंगे। यह जानकारी टूर्नामेंट सेक्रीटरी प्रशांत शर्मा ने दी किसी भी प्लेयर को जानकारी लेने हो वह 9711134579 पर संपर्क कर सकता है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खेल प्रतिभाओं को मिला आरएनटीयू स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2023

### रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा ओपाल एवं रायसेन जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों साथ प्रशिक्षकों को भी किया गया सम्मानित







**स्पोर्ट्स एज, भोपाल।** हमे खेल को एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटी की बजाय मुख्य सब्जेक्ट की तरह ही महत्व देने की आवश्यकता है तभी हम अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन को बेहतर कर पाएंगे। खिलाड़ियों को भी खेलों को किसी डिग्री प्रोग्राम की तरह सीरियस होकर उसमें मेहनत करनी चाहिए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए। क्योंकि जिस प्रकार पढ़ाई कर आप अच्छे पद पर पहुंचते है, उसी प्रकार खेलों में हम अच्छे प्रदर्शन के जरिए भी उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। पिछले वर्ष होशंगाबाद के ओलंपिक पदक विजेता टीम के सदस्य विवेक सागर को डीएसपी के पद पर नामंकित किया गया है। यह उद्गार रहे सचिव म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग, सचिव एवं आयुक्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सचिव से पी नरहरि के। वे रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किए गए आरएनटीयू स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2023 सेरेमनी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इस अवसर पर आरएनटीयू के खिलाड़ियों की स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड एवं रायसेन के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न खेल के प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। आगे उन्होंने अपने वक्तव्य में आरएनटीयू की खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने की मंशा की सराहना की और कहा कि प्रदेश के स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों को इसी सोच और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने उद्योग जगत को सीएसआर एक्टिविटी, स्पॉन्सरशिप एवं अन्य सहयोग के जरिए खेलों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, पूर्व ओलंपियन एवं हॉकी खिलाड़ी समीर दाद, भारतीय खेल प्राधिकरण भोपाल के हाई परफॉरमेंस कोच एवं अर्जुन अवार्डी यशपाल सोलंकी, आरएनटीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विजय सिंह, चीफ कोच एवं तकनीकी सलाहकार राज्य महिला हाकी ग्वालियर परमजीत सिंह, रायसेन के जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के हित एवं खेलों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि हम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आयोजित करने के उद्देश्य के साथ विश्वविद्यालय में इंफ्रा को तैयार कर रहे हैं।

वहीं, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला एवं कहा कि विश्वविद्यालय में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं भविष्य में प्रतिभाओं को प्रदान की जाने वाली सम्मान राशि में बढोतरी की जावेगी।

आरएनटीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विजय सिंह द्वारा आभार वक्तव्य दिया गया एवं खिलाड़ियों को भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत खिलाड़ियों को आरएनटीयू स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड प्रदान किया गया जिसमें शंकर पांडे (फेंसिंग), हिमांशी टोकस (जूडो), प्रियांशी प्रजापत (रेसलर), बुशरा खान गौरी (एथलेटिक्स), नंदनी वत्स (जूडो), प्राशू परिहार (हॉकी), मनीषा (स्टीपल चेज), एकता डे (स्टीपल चेंज), मलिका मोर (बॉक्सिंग), जागृति (जूडो), मधु सिंह (ताइक्वांडो), वैशाली रजक (कराते), विनती (बॉक्सिंग), गौरव कुमार यादव (एथलेटिक्स 3000 मी. स्टीपलचेज), श्रुति उनिहाल (जुडो), पर्वतारोही अंजना यादव, रिंकी वर्मा (सैलिंग), मखमल सिंह राजपूत (सैलिंग), आशुतोष तिवारी (बोट पुलिंग) एवं महिला हॉकी टीम शामिल रहे। कार्यक्रम में इसके अलावा रायसेन जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया जिसमें बेगमगंज की शूटिंग खिलाड़ी प्रगति दुबे, मंडीदीप की हाकी खिलाड़ी रेनू यादव, अमन, पूजा कोरी, सुहानी, ईशा, नेहा, गुजन, अखिल, प्राशू परिहार, सोनिया कुमरे, आरती भलावी एवं आतिफ खान, सांची की वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी दीपा राजपूत, रायसेन के शूटिंग खिलाड़ी याकूब अहमद सिद्दकी, सांची के वाटर स्पोर्ट्स रोइंग खिलाड़ी गंगा लावरिया और जमुना लावरिया, मंडीदीप की वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी देव कन्या, पुलिस ताइक्वांडो क्लब की राष्ट्रीय खिलाड़ी पूनम मीणा और नीरज मीणा शामिल रहे। (विस्तृत जानकारी संलग्न सूची में प्रदान की गई है।) इसके अलावा कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिसमें द्रोणाचार्य अवार्डी एवं मुख्य प्रशिक्षक म.प्र. राज्य कुश्ती अकादमी भोपाल के महासिंह, पूर्व ओलंपियन एवं एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट तथा वर्तमान में भारतीय हॉकी टीम के चयनकर्ता समीर दाद, अर्जुन अवार्डी एवं हाई परफार्मेंस कोच भारतीय खेल प्राधिकरण भोपाल म.प्र. के यशपाल सोलंकी, लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड, एवं मुख्य प्रशिक्षक, मध्यप्रदेश राज्य महिला हॉकी अकादमी, ग्वालियर, म.प्र. के परमजीत सिंह, मुख्य प्रशिक्षक, म.प्र. राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल के एसके प्रसाद, मुख्य प्रशिक्षक, म.प्र. राज्य बॉक्सिंग अकादमी, भोपाल के रोशनलाल, मुख्य प्रशिक्षक, म.प्र. राज्य फेंसिंग अकादमी, भोपाल, म.प्र के भूपेंद्र सिंह, प्रशिक्षक, म.प्र. राज्य ताईक्वांडो अकादमी, भोपाल, म.प्र. के अर्जुन सिंह रावत, प्रशिक्षक, म.प्र. राज्य कराते अकादमी, भोपाल म.प्र. के पलाश समरधिया, खेलो इंडिया स्माल सेंटर हॉकी मंडीदीप के प्रशिक्षक प्रह्लाद राठौर शामिल रहे।

## एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों के शोध प्रस्ताव का चयन



**स्पोर्ट्स एज, भोपाल।** भोपाल कोलार रोड एलएन आयुर्वेद कॉलेज में आयुष एवं सीसीआरएएस द्वारा आयोजित स्पार्क 2022-23 ( स्टूडेंटशिप प्रोग्राम फॉर आयुर्वेद रिसर्च केन) में संपूर्ण भारत वर्ष से शोध कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु शोध प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे, जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष से सर्वोत्तम 100 शोध प्रस्ताव को चयनित किया गया। इन 100 चयनित शोध प्रस्ताव में एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल के दो विद्यार्थियों के शोध प्रस्ताव का चयन हुआ। चतुर्थ वर्ष के विशाल वी. सेन एवं द्वितीय वर्ष के करन के. जैन का शोधकार्य चयनित हुआ। शोधकार्य के पूर्ण होने पर आयुष एवं सीसीआरएएस विभाग द्वारा स्टूडेंटशीप एवं सर्टिफिकेट स:सम्मान प्रदान कीया।

यह शोधकार्य शल्यतन्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निर्मला सावरकर एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार अजित सोनी, महाविद्यालय के सचिव डॉ. अनुपन चौकसे, महाविद्यालय के निर्देषक डॉ. विशाल शिवहर एवं प्रधानाचार्य डॉ. सपन जैन उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीयशतरंजप्रतियोगिता बुरहानपुर में संपन्न

## भोपाल के दीर्घ श्रीवास्तव अंडर-14 (बालक) ग्रुप में नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित



**स्पोर्ट्स एज, भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीयशतरंज प्रतियोगिता मैक्रो विज़न अकादमी, बुरहानपुर में 25 से 28अगस्त के बीच संपन्न हुई। प्रतियोगिता में भोपाल, चम्बल, नर्मदापुरम, इंदौर, सागर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, शहडोल समेत प्रदेश के 10 अलग - अलग संभागो केचयनित 300खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर -14 बालक ग्रुप में भोपाल के 12 वर्षीय दीर्घ श्रीवास्तव, सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर द्वितीयस्थान प्राप्त किया। दीर्घ ने पिछले साल भी भोपाल संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

प्रथम स्थान पर रीवा संभाग के सक्षम अग्रवाल रहे। तृतीय स्थान नर्मदापुरम संभाग के हर्ष महेश्वरी ने प्राप्त किया। दीर्घ ने 5.5 पॉइंट अर्जित कर नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया है। दीर्घ इस साल राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली शतरंज प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# लेक सिटी एवं मदन महाराज के बीच फाइनल आज



**स्पोर्ट्स एज, भोपाल।**

बरकतुल्लाह ग्राउंड पर खेली जा रही भोपाल लीग फुटबॉल मे में आज पहला सेमीफाइनल हजरत निजामुद्दीन एफसी एवं मदन महाराज एचसी के मध्य खेला गया, संघर्षपूर्ण मुकाबले को 1-0 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया है. मैच का पहला हाफ निजामुद्दीन के नाम रहा निजामुद्दीन के स्ट्राइकरो ने गोल करने के कई मौके क्रिएट किया लेकिन गोल नहीं कर सके, सेकंड हाफ मे दोनों ही टीमों ने उम्दा फुटबॉल खेली, लेकिन फाइनल विसल के 12 मिनट पहले सेंट्रल रेफ्री दीपक ठाकुर के विवादस्पात निर्णय से मदन महाराज एफसी को पेनल्टी किक देदी गयी जिस पर मदन महाराज एफसी के अरशद ने गोलकर इस सेमीफाइनल को 1-0 से जीत लिया दिन का दूसरा सेमीफाइनल जागरण लेक सिटी एवं ब्लू लाइन के मध्य खेला गया जिसे जागरण लेकसिटी ने 3-0 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया, लेकसिटी के लिए पहला और दूसरा गोल सौरभ निकम ने 20वे एवं 41वे मिनट मे टीम के लिए तीसरा गोल अतर्व। फाइनल मुक़ाबला दिनाँक 29 अगस्त को लेक सिटी एवं मदन महाराज के मध्य खेला जाएगा।

# मलेशिया को हराकर महिला हॉकी 5S फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** कप्तान नवजोत कौर की हैट्रिक की बदौलत भारत ने यहां महिला एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मलेशिया को 9-5 से शिकस्त दी और टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई करने में सफल रहा। नवजोत (सातवें, 10वें और 17वें मिनट) ने हैट्रिक लगायी जबकि मारियाना कुजुर (नौवें, 12वें मिनट) और ज्योति (21वें और 26वें मिनट) ने दो दो गोल दागे।

# एलएनसीटी रग्बी कार्निवल में पहुँचे मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव




**स्पोर्ट्स एज, भोपाल।** भोपाल मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में एलएनसीटी खेल मैदान भोपाल में खेली जा रही 2nd सब जूनियर एवं जूनियर मध्य प्रदेश रग्बी कार्निवल 2023 प्रतियोगिता मे मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने एलएनसीटी भोपाल पहुंचकर रग्बी खिलाड़ियों से मुलाकात कर खिलाड़ियों को लकी ड्रा के माध्यम से बैग, किट, टी-शर्ट, बॉल, ब गिफ्ट वितरित कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा रग्बी प्रतियोगिता मे प्रथम बार भाग ले रहे रग्बी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

रात्रि संस्कृति कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने संगीत,नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मध्यप्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के चैयरमैन डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है एलएनसीटी द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश से बहुत सारे खेलों का आयोजन किया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को शिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाती है एवं एलएनसीटी को रग्बी ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा जहां शिक्षा के साथ-साथ भविष्य के लिए खिलाड़ियों को तराशा जाएगा। मध्यप्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अबरार अहमद शेख ने आगामी रग्बी प्रतियोगिताओं की संबंध में विस्तृत चर्चा कर अपने विचार साझा किया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिला सचिव संदीप जाधव देवास, अर्जुन पाटीदार शाजापुर महेश सोंधिया रायसेन, सत्येंद्र सिंह सिवाच सीहोर, जेनुअल उबेदीन मंदसौर,आराधना बौरासी रतलाम, सचिन पुरवइया नर्मदापुरम,अमित कुमार बैतूल, राम किशोर सोनी जबलपुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान मध्यप्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंकज जैन, एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।आज खेले गए मुकाबलो में जूनियर बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले मे देवास ने रायसेन को 10 - 05 से, जूनियर बालिका वर्ग दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शाजापुर ने मंदसौर को 15 - 05 से से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

सब जूनियर बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बैतूल ने शाजापुर जिला को 5-0 से, सब जूनियर बालिका वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एकलव्य ने जीनियस स्कूल को 10-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया सब - जूनियर बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले मे शाजापुर ने एकलव्य को 10-00 से, सब - जूनियर बालक वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले मे देवास ने मंदसौर को 10-05 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जूनियर बालक वर्ग पहले सेमीफाइनल मुकाबले में देवास ने मंदसौर को 15- 05 से, जूनियर बालक वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले मे शाजापुर ने नर्मदापुरम को 10-05 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# मध्य प्रदेश कुराश टीम रही उपविजेता

## » कुल 4 स्वर्ण, 6 रजत एवं 12 कांस्य पदक



**स्पोर्ट्स एज, इंदौर।** सब जूनियर राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता मे मेजबान खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक के साथ उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। स्पर्धा समापन के मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह जी बागपत सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं परीक्षित डागर मंत्री दर्जा प्राप्त ,गोविंद मालू अंतरराष्ट्रीय कुराश महासंघ के तकनीकी निदेशक रवि कपूर ,अचल चौधरी ,प्राचार्य सुधा पांडे राजन वर्गिस विक्रांत कुमार एवं शिवाजी सालुंके की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों का स्वागत विवेक स्वामी, राहुल व्यास, कैलाश बाथम, गोपाल पालीवाल ने किया।

### राज्य टीम के निम्नलिखित खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किए:

**स्वर्ण:** ध्रुव लोधी,ऋषिका राजपूत, दिलीप माझी, प्रताप यादव।

**रजत:** ईशान कुमावत , अनाहिता मिश्रा, समृद्धि तिवारी, रितु सिंह, लक्ष्य राठौर, हर्षल असवानी।

**कांस्य:** मानवी कुमावत ,आर्य थापक, उदयवीर केवट, भावेश सेन,अर्णव चौहान, नैतिक कबरा, पार्थ कुमार ,अनुभव परमार, दीवा , आर्णा चौधरी , सतीश अजय कुशवाहा रहे।

कार्यक्रम का संचालन राहुल व्यास ने किया।

# पांचवें स्थान पर रहे किशोर जेना पर पैसों की बारिश, ओडिशा के पटनायक 25 लाख रुपये देंगे



**भुवनेश्वर। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का झंडा बुलंद करने वाले जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना पर भी पैसों की बरसात हुई है। किशोर कोई पदक जीतने में तो कामयाब नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने टॉप-पांच में जगह बनाई। भारत के तीन एथलीट्स टॉप छह में रहे थे। नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण जीता, जबकि किशोर पांचवें और डीपी मनु छठे स्थान पर रहे थे। यह भारतीय जेवलिन थ्रो के इतिहास में एक गौरवपूर्ण क्षण था।**

इसके बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को किशोर जेना के लिए 25 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की। किशोर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओडिशा के पहले एथलीट हैं। रविवार को उन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो इवेंट के फाइनल में 84.77 मीटर का थ्रो किया था। यह उनका जेवलिन थ्रो में पर्सनल बेस्ट भी रहा। नवीन पटनायक ने कहा, बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में किशोर जेना की उल्लेखनीय यात्रा और असाधारण प्रदर्शन ने न केवल हमारे राज्य और राष्ट्र को गौरव दिलाया है, बल्कि आने वाले वर्षों में कई एथलीटों को प्रेरित भी करेगा। इस चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि ओडिशा की खेल भावना और प्रतिभा को भी दर्शाती है।

इससे पहले नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।

वहीं, चेक रिपब्लिक के जाकुब वेदलेच ने 86.67 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ कांस्य पदक पर निशाना साधा। किशोर के अलावा डीपी मनु ने 84.14 मीटर का बेस्ट थ्रो किया। ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और डायमंड लीग में चैंपियन बनने वाले नीरज के पास इस टूर्नामेंट से पहले सिर्फ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ही स्वर्ण पदक नहीं था, लेकिन अब उनकी झोली में इसका स्वर्ण पदक भी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक योगेन्द्र व्यास द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1 से मुद्रित, एच 71, शाहंशाह गार्डन भोपाल से प्रकाशित RNI No.: MPHIN/2022/82878
(समस्त दीवानी विवादों, न्यायिक/दाण्डिक परिवादों का क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय रहेगा।) मो. नं. 9303044337/9669353300